दिन– रविवार दिनांक– 19/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सहयोगी दल महिला विरोधी हैं। पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दलों की साजिश के कारण दो हजार उनतीस में महिलाओं को आरक्षण देने वाला विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण का पर्याय है और महिलाओं की रक्षा और उनकी सुरक्षा के प्रति वचनबद्ध है। जबकि विपक्षी दल महिलाओं को अधिक संख्या में राजनीति में नहीं आने देना चाहते। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए महिलाओं को आरक्षण देने के सवाल पर अपना प्रयास आगे जारी रखेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री चौधरी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर महिलाओं को उनका अधिकार देने में बहानेबाजी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरूद्ध मतदान करने वाले दल परिवारवादी हैं और वे आम महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व नहीं देना चाहते। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित हो गया होता तो बिहार विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या बढ़कर एक सौ बाईस हो जाती।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष के रवैये के खिलाफ देशव्यापी विरोध दर्ज करा रही है। भारतीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने के मुद्दे पर विपक्ष का दोहरा चत्रित सामने आ गया है। श्रीमती सिंह ने कहा कि विधेयक पास नहीं होने के लिए कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां जिम्मेदार है।

———————————————————————

राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में पैक्स अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए कल मतदान कराया जायेगा। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के संयुक्त सचिव कयूम अंसारी ने बताया कि मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण ग्यारह

पैक्सों का चुनाव स्थगित किया गया है। संयुक्त सचिव ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की समस्या होने पर लोग नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नम्बर से समर्पक कर सकते हैं। हेल्पलाईन नम्बर है– सात नौ सात, नौ नौ पांच एक, दो नौ सात।

———————————————————————

तेज पछुआ हवा के कारण राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इन क्षेत्रों में अधिकतम पारा बयालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि दक्षिण बिहार के अधिकांश स्थानों पर अगले दो से चार दिनों के दौरान लू की स्थिति बनी रहने की सम्भावना है। इधर, विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, सुपौल, पूर्णिया, मधुबनी, सीतामढ़ी समेत राज्य के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर आंधी–बारिश की सम्भावना भी जतायी है।

———————————————————————

अक्षय तृतीया का त्यौहार आज देश और प्रदेश में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार सौभाग्य और सफलता का प्रतीक है। इस दिन लोग देवी–देवताओं से सौभाग्य प्राप्त करने की कामना करते हैं। इस दिन सोना खरीदने का भी प्रचलन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिय पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह त्यौहार पुण्य कर्म, दान और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

———————————————————————

अररिया पुलिस ने साईबर ठगी के बड़े मामले का खुलासा करते हुये तीन साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पकड़े गये अपराधियों के पास से पांच मोबाईल फोन, नौ एटीएम कार्ड और बाईस हजार रूपये नकद बरामद किये हैं।

———————————————————————

मुंगेर जिले में गंगा स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न घाटों की साफ–सफाई और वृक्षारोपण किया गया। लायंस क्लब की ओर से आयोजित अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।